तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात वार्ता में छत्तीसगढ़...



12 कोंडे से हुलघाट तक सड़क बनी, नदी पर ...



## विवाद : ग्रामीणों का कहना- धर्मांतरित लोग करते हैं माहौल खराब

# कफन-दफन पर जामगांव में विवाद गहराया पुलिस की समझाइश के बाद भी तनाव कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

विकासखंड नरहरपुर के जामगांव में धर्मांतरित व्यक्ति का गाँव में जानकारी दिए बिना दफना दिए जाने से बवाल मच गया। गाँव के लोगों का कहना है कि बिना जानकारी के दफनाया गया है, जो गलत है। धर्मांतरित किसी भी व्यक्ति का कफन दफन गांव में नहीं किया जाएगा, ऐसा पहले भी ऐलान हो चुका है, उसके बाद भी ऐसी घटना को अंजाम दिया गया। दोपहर से पुलिस दोनो पक्षों को समझाईश देने में लगी हुई है, परंतु समाचार लिखे ⏭ शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- गांव के नियमों का पालन नहीं करने से लगातार बन रही ऐसी परिस्थितियां
- ग्रामीणों का आरोप- ग्रामीणों की जमीन पर कब्जा करके बनाया गया प्रार्थना स्थल
- जमीन विवाद का मामला तहसील न्यायालय में चल रहा





### धर्मांतरण बना विवाद का कारण

*दरअसल मृतक सोमलाल ठाकुर ईसाई समुदाय से थे, ऐसे में ईसाई समुदाय के रीति रिवाज से मृतक के अंतिम संस्कार कर दिया गया और खबर मिलते ही जामगांव के ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया। जामगांव के स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मृतक के परिवार वाले आदिवासी समुदाय से धर्मान्तरण कर मसीह धर्म अपना लिया था, पहले यह आदिवासी थे, इसलिए मूल आदिवासी प्रथा के आधार पर मृतक का अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट में किया जाए, अन्यथा जामगांव में कही भी शव दफन नहीं करने दिया जाएगा। दफन किए गए शव को निकालकर अपने कब्रिस्तान में दफन करें, तभी ग्रामीण शांत होंगे, अन्यथा यह विवाद चलता रहेगा।*

### पुलिस की समझाइश का सकारात्मक परिणाम नहीं

घटना की खबर लगते ही नरहरपुर थाना प्रभारी सुरेश राठौर दल बल के साथ जामगांव पहुच गए थे और दोनो पक्षों को समझाईश देने का प्रयास किया। दोनो पक्ष अड़े हुए है। उन्होने बताया कि घटना के बारे में उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है, जैसा निर्देश मिलेगा, उसी के अनुसार कार्यवाही किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जाता रहा , परंतु ग्रामीण केवल एक ही माँग पर अड़े है कि दफनाए गए शव को उत्खनन किया जाए और अपने शमसान घाट में दफनाएं। धर्मांतरित परिवार के लोगों का कहना है कि अपने खेत पर दफनाए है, किसी दूसरे के जमीन पर नहीं, ऐसे में क्यों दिक्कत हो रही है।

### जामगांव में लंबे समय से चल रहा विवाद

जामगांव में प्रार्थना स्थल को लेकर भी विवाद चल रहा है, इसमें भी ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कई लोगों की जमीन पर अवैध कब्जा करके प्रार्थना स्थल बना लिया गया है। इस मामले को लेकर तहसीलदार के पास प्रकरण दर्ज हो चुका है और कार्यवाही की माँग लगातार किया जा रहा है। जामगांव शांत गांव में इस प्रकार का विवाद लगभग दो साल से चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से धर्मांतरण हुआ, तब से हमारा ईलाका अशांत हो गया है। सरकार और प्रशासन को धर्मांतरण पर ठोस नीति बनाकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिए।

## सर्कल स्तरीय विशेष बैठक में धर्मांतरण पर जताई गई चिंता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रातपपुर

विकासखण्ड भानुप्रातपपुर के ग्राम साल्हे में धर्मांतरण को लेकर एक सर्कल स्तरीय विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें साल्हे, ईरागांव, ठेकाढोड़ा सहित आसपास के ग्रामों के समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चर्चा किया गया तथा समाज में इसकी रोकथाम को लेकर रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। आयोजित बैठक में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि क्षेत्र में बाहरी प्रभावों के चलते पारंपरिक संस्कृति और धर्म पर संकट उत्पन्न हो रहा है। समाज प्रमुखों ने लोगों से अपील की कि वे जागरूक रहें और अपनी पहचान व संस्कृति को बनाए रखने में सहयोग करें। बैठक में यह प्रस्ताव भी रखा गया कि यदि किसी स्थान पर धर्मांतरण की गतिविधियां सामने आती हैं, तो उसकी जानकारी तत्काल सामाजिक संगठन एवं प्रशासन को दी जाए और साथ ही ग्राम स्तरीय निगरानी समितियां गठित करने पर भी चर्चा हुई। यह बैठक सामाजिक समरसता बनाए ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पूर्व राष्ट्रपति कलाम की पुण्यतिथि मनाई



**भानुप्रतापपुर।** भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व. अब्दुल कलाम आजाद के पुण्यतिथि पर शिवसेना द्वारा उनके प्रतिमा की पूजा अर्चना कर उनका माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए उनकी पुण्यतिथि मनाया। इस अवसर पर शिवसेना द्वारा कहा गया कि अब्दुल कलाम आजाद एक राष्ट्रपति ही नहीं इस देश के एक महान वैज्ञानिक भी थे, जिनके आदर्शों पर आज भारत देश चल रहा है जो किसी जाति, पार्टी की दीवार में नहीं बंध कर समस्त भारतीयों के एक जनप्रिय नेता थे। शिवसेना सदैव उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेती है एवं उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेती है।

### दो दिवसीय शिव महिमा कथा व रुद्राभिषेक महोत्सव जारी

**भानुप्रतापपुर।** शिव महिमा कथा एवं रुद्राभिषेक काशी तीर्थ से आए



कथा व्यास आचार्य पं. कमल किशोर तिवारी दयालु महाराज काशी तीर्थ के मुखार बिंदु से आस्था, भक्ति रस के साथ महोत्सव का दो दिवसीय संगीतमय भव्य आयोजन शिवालय मंदिर प्रांगण नेहरूनगर में आयोजित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में रविवार 27 जुलाई को कलश यात्रा के साथ बेदी पूजा और दोपहर 4 बजे से संध्या तक शिव महिमा कथा वाचन किया गया। आज सोमवार 28 जुलाई प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक कांवर यात्रा खंडी नदी, 10 बजे से 11 बजे तक बेदी पूजा एवं 11 बजे से 1100 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूर्णाहुति व विसर्जन किया जाएगा।

### पार्थिव शिवलिंग का किया महाअभिषेक



**चारामा।** नगर निवासी शिव शम्भु परिवार एवं रामसत्ता चौक शिव भक्त परिवारजनों के द्वारा राम सत्ता चौक में पार्थिव शिवलिंग का महारुद्र अभिषेक किया गया, जिसमें नगर पुरोहित विकास दुबे द्वारा पूरा अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न किया गया। शिव भक्ति संगीतमय में मग्न होकर शिव शिवाय नमस्तुभ्यं की जयकारा के साथ प्रकृति में गुंजायमान किया एवं महाआरती के साथ पूजा समाप्त हुई। इस अवसर पर नगर पंचायत चारामा वार्ड पार्षद गीतेश्वरी शिव सोनकर, कविता विनोद साहू, उत्तम साहू, मंजू सोनकर एवं अन्य शिव भक्ति उपस्थित रहे।

### डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 21 निवासी मुकेश राय का डूबने से 26 जुलाई को मौत हो गया। पीव्ही 21 निवासी मनोरंजन राय ने पुलिस को बताया कि मृतक मवेशी को चराने के लिए जंगल गया था। उसका शव दुर्गापुर में पड़ा हुआ था। चेहरा पानी में डूबा हुआ था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जलने से बुजुर्ग की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत मनकेशरी निवासी 76 वर्षीय सोनउराम सलाम का इलाज के दौरान 21 फरवरी को दोपहर साढ़े 12 बजें मौत हो गया। अस्पताल की ओर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक जलकर घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## दुधावा जलाशय की नहर में डूबने से बुजुर्ग की मौत गांव में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दुधावा जलाशय से सिचाई के लिए बनाई गए नहर जो सरोना पंचायत क्षेत्र से गुजरती है, जिसमें 27 जुलाई को एक बुजुर्ग की डूबने से मौत हो गई ग्रामीणों की मानें तो इसके पहले भी इस नहर में ऐसी घटना हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को जानकारी देने के बाद भी नहर की सफाई नहीं किया गया। पुलिस ने शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा। घटना की खबर फैलते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया।

- ग्रामीणों ने विभाग पर जताई नाराजगी, नहर की सफाई नहीं होने से हो रहीं घटनाएं

ग्राम पंचयात सरोना के भर्रीपारा निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग मृतक रामलाल मरकाम को उनके परिजन सुबह से ढूंढ रहे थे, किन्तु उनकी कोई जानकारी मिल रही थी। गांव के लोगों ने दोपहर 12 बजे के आसपास नहर में शव के दिखने की जानकारी दिया, परिजनों ने देखा और पुष्टि होने के बाद दुधावा चौकी को जानकारी दिया। इस घटना की खबर फैलते ही गाँव का माहौल गमगीन हो गया, इसके अलावा ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि यह नहर दुधावा जलाशय से आती है, जिसकी कभी सफाई नहीं होती, अभी भी जगह-जगह बड़े-बड़े घास और गंदगी पसरी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार विभाग को जानकारी दिया, किंतु उनके द्वारा कोई भी स्वच्छता अभियान नहीं चलाया गया जिसके कारण नहर नाली में दो माह के भीतर यह मौत की दूसरी घटना घटी है।



### सरोना के देवेंद्र की नहर के झील में फंसने से हुई मौत

गौरतलब है की कुछ दिन पहले भी देवेंद्र साहू नाम के व्यक्ति की इसी नहर नाली के पुल से गिरने के बाद ताल में गंदगी और कांटों से भरे झील मे फंसने से मौत हो गई थी। अभी भी सरोना पेट्रोल पंप के पास की नालियों में बड़े-बड़े घास और झील मौजूद है, वही बिजली ऑफिस के पास से मुड़पार तक नालियों में गंदगी पसरी हुई है, जिस पर विभाग के द्वारा किसी प्रकार की सफाई के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



## तालाकुर्रा में मनाया गया इतवारी तिहार

**कांकेर।** भगवान तिहार के अवसर पर ग्राम तालाकुर्रा में रामचरित मानस कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भगवान तिहार गांव में इतवारी तिहार को कहा जाता है। पांच रविवार तक चांवल आटा से चिला रोटी बनाकर उसे खेत खालियान में पूजा अर्चना कर चढ़ाते है और गांव में समस्त कृषी कार्य व अन्य काम बंद रहता है। ग्रामीण स्तर पर बैठक रख गांव की विभिन्न समस्या पर चर्चा किया जाता है और आगे गतिविधि के बारे में विचार विमर्श करते हुए भगवान के नाम पर रामचरित मानस आयोजन रखते है। विचार विमर्श के दौरान प्रमुख तैर से विनोद रावटे, संजय जैन, हेमलाल कुलदीप, देवनाथ नुरेटी, कुलेश्वर मार्गीया, धुर्व साहू, रमेश कुलदीप, युगल किशोर कुलदीप, गुलाब जैन, भुनेश्वर नरेटी, गिरधारी जैन, मोहित यदु, दीनदयाल यदु, मुकेश, प्रताप जैन एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## जमीन नाप-जोख की बात पर सरपंच व ग्रामीण में विवाद, काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पटवारी द्वारा जमीन का नाप-जोख करने की बात को सरपंच और ग्रामीण के बीच कहा सुनी हो गई। दोनो के बीच विवाद बढ़ता चला गया और जमकर हंगामा हुआ। दोनो पक्षों में विवाद इतना बढ़ा कि शिकायत करने थाना पहुँच गए। दोनो पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

परतापुर थाना में शिकायत करने पहुंचे कट्टापारा भिंगीडार निवासी केशव देहारी पिता शिवलाल देहारी ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत भिंगीडार का सरपंच हूं और 23 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भिंगीडार के शाला परिसर में पटवारी के साथ शाला की सीमांकन नाप-जोख में सम्मिलित था। नापजोख पूरा होने के बाद दोपहर करीबन डेढ़ बजे गांव का प्रताप सिंह जैन आया और जमीन नाप-जोख करते समय मुझे क्यो नही बुलाए बोलकर गाली दिया व मुझे जान से मारने की धमकी दिया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रताप सिंह जैन के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



वही दूसरे पक्ष से भिंगीडार निवासी 53 वर्षीय प्रताप सिंह जैन पिता स्व. तुलसी राम जैन ने पुलिस को बताया कि 23 जुलाई को अपने किराना दुकान भिंगीडार में था। मुझे पता चला कि मेरे पट्टा की जमीन को बिना कोई नोटिस दिए नाप-जोख कर रहा था। तब मैं और मेरी पत्नि दोपहर डेढ़ ⏭ शेष पेज 10 पर

## दो वाहनों में जबर्दस्त टक्कर से उड़े परखच्चे आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दरगाहन के पास कोरर की ओर से आ रही वाहन के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अन्य वाहन को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वाहन के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे महाराष्ट्र जिला चंद्रपुर थाना तलोदी बालापुर निवासी 20 वर्षीय श्रेयष शेणमारे पिता पुरूषोत्तम शेणमारे ने पुलिस को बताया कि 26 जुलाई को वाहन क्रमांक एमएच 34 सीजे 8982 से अपने साथी आईएस भंडारकर के साथ धमतरी से सिरसिदा नर्सरी में आ रहे थे और सुबह लगभग साढ़े 10 बजें दरगाहन राधास्वामी सत्संग भवन को पारकर कुछ दूर गए थे, उसी समय कोरर की ओर से आ रही कार वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 2151 के चालक द्वारा वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर हमारी वाहन को सामने से ठोकर मारकर दुर्घटना कर दिया, जिससे मेरी वाहन सामने से पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में मेरे पैर, मुंह, ⏭ शेष पेज 10 पर



## लघु जलाशय के गेट को अज्ञात ने किया बंद, पॉपिंगलाइन में दबाव बढ़ने से होगी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

पीव्ही 25 में बने शासकीय तालाब का गेट अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बंद करने से पखांजुर क्षेत्र के 5 गांव पीव्ही 20, 25, 26,125 एवं मिक्सफर्म को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। एक महत्वपूर्ण पॉपिंगलाइन जिसे पहले भी कई बार मरम्मत की जा चुकी है, टूटने का खतरा अब भी मंडरा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या तब और विकट हो जाती है जब जलाशय में पानी का स्तर 80 प्रतिशत से अधिक होता है। ऐसी स्थिति में पॉपिंगलाइन पर दबाव कम करने के लिए गेट को थोड़ा खुला रखना आवश्यक होता है, लेकिन किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बार-बार इस गेट को बंद कर दिया जाता है, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है। संबंधित इस पॉपिंगलाइन की मरम्मत हाल ही में बारिश से ठीक पहले की गई थी, ताकि इन गांवों में पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे। अज्ञात शरारती तत्व द्वारा लगातार गेट बंद कर रहे हैं, जिससे पॉपिंगलाइन के टूटने का जोखिम बढ़ गया है। तालाब में जल भराव अधिक होने के की समस्याओं को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर केनाल का मरम्मत किया है। इस मरम्मत कार्य में ग्रामीणों ने सराहनीय एकजुटता दिखाई। ग्रामीण पवित्र बिस्वास, रवि हलदर, गौतम बराई, लंकेश मुखर्जी, किरण हलदर, जीवन मिस्त्री और बिकाश अधिकारी ने मिलकर इस पॉपिंगलाइन को ठीक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई पखांजूर अंकित कुमार साहू से बात करने पर उन्होंने बताया पीव्ही 25 तालाब, नहर का मरम्मत कार्य बरसात के पहले कर दिया गया था, तालाब में 80 प्रतिशत से अधिक पानी होने पर विषम परिस्थिति उत्पन्न होती है, जिस कारण तालाब का के गेट को हल्का खोला गया था, परंतु किसी शरारती तत्वों के द्वारा बार बार गेट को बंद कर दिया जाता है।

## धर्म स्तंभ काउंसिल ने सीएम से नाम बदलने के लिए लिखा पत्र

# छत्तीसगढ़ में बस्तर की पौराणिक व सनातन पहचान है दंडकारण्य, नाम बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक चेतना, सनातन परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए धर्म स्तंभ काउंसिल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक विस्तृत मांग पत्र भेजते हुए बस्तर संभाग का नाम बदलकर दंडकारण्य किए जाने की मांग किया है।

- औपनिवेशिक व्यवस्था में इसकी पहचान को कृत्रिम नामों में समेट दिया गया

धर्म स्तंभ कौंसिल के सभापति डॉ. सौरभ निर्वाणी ने कहा बस्तर कोई साधारण संभाग नहीं है, यह वह भूभाग है जहाँ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने माता सीता और भैया लक्ष्मण के साथ वनवास काल में चरण रखे। ऋषियों की रक्षा की और धर्म की स्थापना के बीज बोए, यह संपूर्ण क्षेत्र दंडकारण्य के नाम से हजारों वर्षों से स्मृत और पवित्र रहा है, परंतु औपनिवेशिक व्यवस्था में इसकी पहचान को कृत्रिम नामों में समेट दिया गया, अब समय है कि हम छत्तीसगढ़ को उसके मूल गौरव से जोड़ें। हमारी मांग के पीछे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आधार गिनाते हुए धर्म स्तंभ कौंसिल ने स्पष्ट किया कि रामायणीय प्रमाण वाल्मीकि रामायण, अध्यात्म रामायण और रामचरितमानस में दंडकारण्य ⏭ शेष पेज 10 पर



### हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा

धर्म स्तंभ काउंसिल के डॉ. रवीन्द्र द्विवेदी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल एक नामकरण नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पुनर्रचना का आरंभ है। इसके आगामी योजना को बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर औपचारिक अनुरोध के पश्चात संत समाज की बैठक एवं जन समर्थन हस्ताक्षर अभियान दंडकारण्य पुनर्जागरण यात्रा का आयोजन बस्तर के ग्रामों में सांस्कृतिक संवाद किया जाएगा वहीं विधान सभा में नाम परिवर्तन प्रस्ताव हेतु विधायक प्रतिनिधिमंडल से भेंट के अलावा नेता प्रतिपक्ष और विपक्षी दलों के विधायक सांसदों से भी मिलकर उन्हें समर्थन के लिए कहेंगे। धर्म स्तंभ काउंसिल के राघवेंद्र दास ने प्रदेश के समस्त सनातन अनुयायियों, मठ-मंदिर संस्थानों, और संस्कृति प्रेमियों से इस पुनीत कार्य में सहयोग का आव्हान किया है। इस मांग को अखाड़ा परिषद, निर्वाणी अखाड़ा, निर्मोही अखाड़ा, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ और प्रदेशभर के संत-महंतों का व्यापक समर्थन प्राप्त है। प्रमुख संतजनों में महंत नरेंद्र दास राष्ट्रीय सचिव संत परिषद निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा, महंत हेमंत दास चित्रकूट, महंत नंदकिशोर दास, संत पंचराम दास, राघवेंद्र दास आदि प्रमुख हैं।

## खबर संक्षेप

### डा. त्रिपाठी रूस में आयोजित कृषि संवाद में होंगे शामिल



**कोण्डागांव।** जिले के प्रसिद्ध कृषक व किसान नेता डॉ. राजाराम त्रिपाठी रूस की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। 28 जुलाई से 7 अगस्त तक यात्रा के दौरान मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित उच्चस्तरीय भारत–रूस कृषि संवाद का नेतृत्व करेंगे। यह आयोजन देश के प्रमुख कृषि मीडिया समूह कृषि जागरण और रूस की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल बिजनेस एलायंस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इसमें वैश्विक ऑर्गेनिक मॉडल कोंडागांव स्थित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय प्रमाणित ऑर्गेनिक हर्बल फार्म। काली मिर्च की क्रांति एमडीबीपी 16 विश्व की सर्वश्रेष्ठ और चार गुना उत्पादन देने वाली प्रजाति। अंतरराष्ट्रीय मान्यतारू हाल ही में ब्राज़ील सरकार द्वारा विशेष कृषि भ्रमण के लिए आमंत्रित किया गया है। नवाचार स्टीविया की 'बिटर–फ्री' किस्म एवं सफेद मूसली में विश्व स्तरीय गुणवत्ता पर भी जानकारी देंगे।

### कांवरिये विभिन्न मंदिरों में जल अर्पित करने रवाना

**धमतरी।** दिव्य ज्योति बोल बम कांवरिया संघ दर्री का एक जत्था अर्धनारीश्वर शिवांबा मंदिर दर्री से बम्हनी (महासमुंद) सरोवर से जल लेकर गिरौदपुरी धाम, सत्यनारायण बाबा समाधि स्थल व विभिन्न मंदिर देवालय से होकर सिरपुर पहुंचेगा। मंदिर प्रांगण में पंडित ललित शुक्ला, दयाराम साहू प्रदेश साहू संघ महामंत्री, श्रीमती गीतेश्वरी निरंजन साहू जनपद सदस्य, हिमांशु शेखर साहू सरपंच दर्री, निरंजन साहू उपसरपंच, समिति के पदाधिकारी अशोक सार्वा, माखन यादव, शिवशंकर यादव, डेमन केसरिया, डिगेश्वर साहू, शिवकुमार साहू, विशु चक्रधारी, श्रीमती तीजिया बाई कुंभकार, सोसायटी सेल्समेन श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती रेवती कुंभकार, श्रीमती जया चक्रधारी की उपस्थिति में कांवरियों का मंगल टीका लगाया गया।

# अप्रतिम वीरता, सर्वोच्च बलिदान और अटूट कर्तव्यनिष्ठा से परिपूर्ण शौर्य गाथा का मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

## 188 वीं बटालियन सीआरपीएफ ने धूमधाम से मनाया 87वां स्थापना दिवस

188वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने आज अपना 87वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कमांडेंट भवेश चौधरी के मार्गदर्शन में और नीतीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी, 188 वाहिनी के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत खेलो इंडिया स्कीम फिट इंडिया के तहत आयोजित एक साइकिल रैली से हुई। यह रैली वाहिनी मुख्यालय से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग–30 से होते हुए बंधा तालाब पार्क और शहर के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों तक गई। जिसमें 188 वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अफसर और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद, नीतीन्द्र नाथ ने क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड का निरीक्षण किया और गार्ड द्वारा उन्हें सलामी दी गई। अपने संबोधन में श्री नाथ ने 87वें सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर सभी कार्मिकों और उनके परिजनों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली बल अप्रतिम वीरता, अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और अटूट कर्तव्यनिष्ठा से परिपूर्ण अपनी 86 वर्षों की शौर्य गाथा का भव्य उत्सव मना रहा है।

उन्होंने मातृभूमि की सेवा और कर्तव्यपरायणता के अपने दृढ़ संकल्प पर अडिग रहने का संदेश दिया। संबोधन के उपरांत, सभी उपस्थित कार्मिकों में मिष्ठान वितरित किया गया और शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वाहिनी मुख्यालय कोंडागांव में एक सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्री नाथ ने अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को सफलतापूर्वक 86 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। उन्होंने सीआरपीएफ की विभिन्न उपलब्धियों और शौर्य के बारे में बताया और बल के आंतरिक सुरक्षा के साथ–साथ अन्य महत्वपूर्ण कर्तव्यों के निर्वहन में योगदान पर प्रकाश डाला।



### खेलकूद स्पर्धा व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

इस अवसर पर वाहिनी द्वारा सामूहिक वृक्षारोपण, क्रिकेट और वॉलीबॉल मैच जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। शाम के समय वाहिनी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और बड़ा खाना सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इस वाहिनी की सुदूर इलाकों में स्थित सभी कंपनियों में भी स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर 188 बटालियन के अधिकारियों दीपक सिंह उप कमांडेंट, कमल सिंह मीना उप कमांडेंट, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चंद्रन आर.पी., निरीक्षक सत्यवीर सिंह, वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## सफलता : नेताम को कलेक्टर ने दी उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं

# राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली लेखा ने की कलेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर कोंडागांव का नाम रोशन करने वाली जूडो खिलाड़ी लेखा नेताम ने गत दिवस कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना से सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर ने लेखा की इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

बंधापारा कोंडागांव निवासी लेखा नेताम केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव में 10वीं कक्षा की छात्र हैं, ने 16 जुलाई से 20 जुलाई तक नोएडा में आयोजित 54वें केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद 2025 प्रतियोगिता में यह स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस जीत के बाद, वह अब एसजीएफआई स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में भाग लेंगी। लेखा पिछले चार सालों से जुडो खेल रहीं हैं। उन्हें आईटीबीपी भारत–तिब्बत सीमा पुलिस की 41वीं बटालियन के कमांडेंट नरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जवान नारायण सोरेन और उदय सिंह द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। खेल के क्षेत्र में उनकी इस सफलता में उनके पिता दशरथ नेताम और माता श्रीमती लक्ष्मी नेताम का भी भरपूर सहयोग रहा है।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 3841 परीक्षार्थी हुए शामिल

*छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। जिले के कुल 18 परीक्षा केंद्रों में पंजीकृत 4620 परीक्षार्थियों में से 3841 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 779 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के दौरान, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए थे।*



# भाजपा कर रही पर्यावरण संरक्षण के नाम का दिखावाः पूर्व विधायक अनूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



भाजपा की सरकार एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्ययोजना एक पेड़ मां के नाम से स्कूलों के प्रांगण, सार्वजनिक एवं शासकीय एवं खाली जगहों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है व बस ढोंग है। पूर्व विधायक अनूप नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा।

पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि बस्तर संभाग में अथाह खनिज संसाधन है, आज वहीं खनिज संसाधन हम बस्तर वासियों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। जल जंगल जमीन से जुड़े आदिवासियों के उनके जंगलों से भगाया जा रहा है तथा विकास के नाम पर उनकी संस्कृतियों पर हमला किया जा रहा है। बस्तर संभाग में पांचवी अनुसूची लागू होने के बावजूद उनके विकास पर कोई ध्यान शासन द्वारा नहीं दिया जा रहा है। परन्तु अंतागढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में हमारे शासनकाल में स्कूल प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फलदार एवं छाया देने वाली वृक्षारोपण फल एवं दुषित हवा रोकने के लिए लगाए गए थे, किन्तु उन बढ़ चुके वृक्षों को भाजपा सरकार के लोगो के द्वारा वृक्षों को उखाड़ फेंककर अपन चहेते को ठेका देकर उस स्थान पर निर्माण कार्य करने उकृत्त किया जा रहा है। क्या स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधी एवं प्रशासन इस ओर ध्यान देकर दुषित होने वाली आबो हवा एवं स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किए गए पर निर्माण कार्य को रोकेंगे इसी प्रकार हसदेव के जंगल जहां से कोयला खनन कार्य हेतू हजारों हेक्टेयर में लगे वृक्षों को तथा रायगढ़ जिला के मुंडागांव अडानी के द्वारा लाखों वृक्षों को रातो रात आधुनिक मशीनों से कटवा दिया गया। क्षेत्र की जनता विशेष कर आदिवासी समुदाय एवं हमारी कांग्रेस पार्टी के द्वारा हड़ताल आंदोलन व चक्काजाम किया गया ये आदिवासीयों का हितैषी कहने वाले भाजपा की सरकार ने लाठी डंडे चलाकर प्रताणित किया जा रहा है।

# वाहन मालिक चालक प्रशिक्षण से 30 लाभान्वित



**कांकेर।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, गोविंदपुर कांकेर द्वारा 33 लाभार्थियों को 30 दिवसीय वाहन मालिक चालक का प्रशिक्षण 26 जून से 25 जुलाई तक प्रशिक्षक राहुल कुमार नेताम एवं बाबूलाल सलाम द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान वाहन से संबंधित समस्त जानकारियां प्रदान की गईं एवं सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में असेसमेंट टीम नेसर बेंगलुरु एवं इस राज्य नियंत्रक आरसीईटी रायपुर अरुण सोनी के मार्गदर्शन में ईआरडीपी असेसर हेमराज ठाकुर एवं डोमेन असेसर गौरव राय के सतत निगरानी में मूल्यांकन कार्य संपन्न किया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थी को शुभकामनाएं दी गई। समापन कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक गौरीशंकर राणा द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई देते हुए सभी बैंकों के ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। समापन अवसर पर संस्थान के नितेश साहू, संजय कुमार महावीर, कमलेश कुमार सिन्हा, नागेंद्र यादव, नागेश्वर पटेल एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# इरपनार- कोंडे मार्ग में गहरे गड्ढे, हादसे की आशंका बढ़ी, ग्रामीणों में आक्रोश

**पखांजुर।** इरपनार से कोंडे स्टेट हाईवे 25 अब खतरों का सफर बन चुका है। कोंडे-बड़गांव से होते हुए इरपानार तक जाने वाले इस मार्ग पर जगह-जगह दो फीट से भी अधिक गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही करने वाले हजारों ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, किसानों और व्यापारियों का जीवन दांव पर लगा हुआ है।

पिछले एक साल से बद से बदतर होती जा रही सड़क की हालत ने स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं। बरसात के दिनों में तो ये गड्ढे तालाब का रूप ले लेते हैं, जिससे इनकी गहराई का अंदाजा लगाना नामुमकिन हो जाता है और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। चारपहिया वाहनों के लिए भी इन रास्तों पर चलना किसी चुनौती से कम नहीं। एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए भी यह सड़क बड़ी बाधा बन चुकी है, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिलना मुश्किल हो रहा है। मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति का आरोप ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत के लिए हर साल लाखों रुपएं स्वीकृत किया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर मरम्मत कार्य बेहद घटिया होता है। उनकी मानें तो डामर की परत इतनी पतली होती है कि पहली बारिश में ही सारी पोल खुल जाती है। इस महत्वपूर्ण मार्ग का उपयोग अधिकारी वर्ग और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी करते हैं। इसके बावजूद इसके किसी ने भी अब तक इस समस्या के समाधान के लिए कोई गंभीर पहल नहीं कियया है। इससे ग्रामीणों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरी उदासीनता का भाव पनप रहा है।



इस संबंध में जब पखांजुर के एसडीएम टिकाराम देवांगन ने स्वीकार किया कि बारिश के कारण सड़कों में गड्ढे बन गए हैं और जल्द ही खराब सड़कों की मरम्मत के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाएगा। ग्राम पंचायत बड़गांव के सरपंच शंभू नाथ सलाम ने भी बड़गांव में कई जगह सड़कों पर गड्ढे होने की बात कहते हुए शासन से मरम्मत के लिए पहल करने की मांग की है।

# मन की बात के 124वां एपिसोड को नए बस स्टैण्ड में देखा व सुना गया

**कांकेर।** भाजपाइयों ने शहर के नए बस स्टैण्ड में प्रधानमंत्री कि मन की बात के 124 वां एपिसोड का प्रसारण देखा व सुना। भाजपा नेताओं ने उनके प्रभार वाले बुथों में मन की बात को सुना। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एक बार फिर बात होगी देश की सफलताओं की, देशवासियों की उपलब्धियों की, पिछले कुछ हफ्तों में, खेल हो, विज्ञान हो या संस्कृति बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतवासी को गर्व है। अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी को लेकर देश में बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर सुरक्षित उतरे, लोग उछल पड़े, हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई, पूरा देश गर्व से भर गया। अगले महीने मुंबई में एस्ट्रोनॉमी और एस्ट्रो फिजिक्स ओलम्पियाड होने जा रहा है, इसमें 60 से ज्यादा देशों के छात्र आएंगे। वैज्ञानिक भी आएंगे। यह अब तक का सबसे बड़ा ओलम्पियाड होगा। एक तरह से देखें तो भारत अब ओलम्पिक और ओलम्पियाड, दोनों के लिए आगे बढ़ रहा है। हम सभी को गर्व से भर देने वाली एक और खबर आई है, यूनेस्को से, यूनेस्को ने 12 मराठा किलों को विश्व धरोहरों के रूप में मान्यता दी है। 11 किले महाराष्ट्र में, एक किला तमिलनाडु में, हर किले से इतिहास का एक-एक पन्ना जुड़ा है। हर पत्थर एक ऐतिहासिक घटना का गवाह है। सल्हेर का किला, जहाँ मुगलों की हार हुई। शिवनेरी, जहाँ छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ। किला ऐसा जिसे दुश्मन भेद न सके। खानदेरी का किला समुद्र के बीच बना अद्भुत किला, दुश्मन उन्हें रोकना चाहते थे, लेकिन शिवाजी महाराज ने असंभव को संभव करके दिखा दिया। प्रतापगढ़ का किला, जहाँ अफजल खान पर जीत हुई, उस गाथा की गूंज आज भी किले की दीवारों में समाई है। विजयदुर्ग जिसमें गुप्त सुरंगें थी, छत्रपति शिवाजी महाराज की दूरदर्शिता का प्रमाण इस किले में मिलता है। मैंने कुछ साल पहले रायगढ़ का दौरा किया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने नमन किया था। ये अनुभव जीवन भर मेरे साथ रहेगा। मन की बात कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, निपेन्द्र पटेल, वीरेंद्र श्रीवास्तव, मनोज ध्रुव, लकी ठाकुर, जयंत अठभैया, बाबा गोस्वामी, अजय मोटवानी, धर्मेंद्र देव, मनोज दुबे सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# प्री मीट्रिक बालक छात्रावास में एक पेड़ माँ के नाम के तहत लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




प्री मीट्रिक बालक छात्रावास सम्बलपुर में ग्रुप ऑफ़ अभिलाषा के द्वारा बच्चों को बारिश में सुरक्षा उपायों, करियर गाइडलाइन तथा एक पेड़ माँ के नाम का उद्देश्य के बारे में बताया गया। ग्रुप के संस्थापक तृप्ति गजभिये द्वारा बच्चों को बारिश के मौसम में अपने आप को सुरक्षित कैसे रखे तथा अपने आस पास को साफ रखे इसके बारे में जानकारी दिया गया तथा नशा से दूर रहने की समझाइश दी गई।

ग्रुप के सदस्य राकेश सोनवानी द्वारा बच्चों को एक पेड़ माँ के नाम के उद्देश्य को बताया गया। उन्होंने कहा की जिस तरह हम अपनी माँ की देख भाल करते है उसी तरह हमारे द्वारा लगाए गए पेड़ की भी सुरक्षा करना है औऱ अभी हम पौधा लगा रहे है। इस पौधे को हमें पेड़ बनाना है तथा सर्प दंश के समय क्या सावधानी रखनी चाहिए उनके बारे में भी जानकारी दिया गया। इस क्रम में ग्रुप के सदस्य अनिल साहू ने 6वी से 10वीं के बच्चों को उनके करियर के बारे में जानकारी दिया। एकलव्य, नवोदय, प्रयास में चयन के लिए किस तरह तैयारी करना है और कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, पुलिस, सैनिक तथा शिक्षक बनने के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए, नीट के बारे में विस्तार से बताया तथा 10वीं के बाद कौन से विषय का चयन करें जिससे हम अपने लक्ष्य तक पहुँच सके इसकी जानकरी दिया गया। अंत में ग्रुप के सदस्य राजेंद्र कोसमा द्वारा स्वच्छता संबंधी सम्पूर्ण जानकारी दिया गया औऱ उन्होंने बच्चों के लिए स्वल्पहार का व्यवस्था किया तथा सभी सदस्यों ने एक पेड़ माँ के नाम में अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

## पेज 9 के शेष

### कफन-दफन पर...

जाने तक किसी भी प्रकार का समझौता नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार जामागांव के निवासी सोमलाल राठौर पिता गोवेर्धन लाल को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बीती रात को निधन हो जाने के चलते 27 जुलाई की सुबह जामगांव लाकर मृतक का खेत जामगांव नाला के पास दफना दिया गया। गाँव वालों की इसकी जानकारी सुबह 11 बजे के आसपास मिली, तब से गाँव के लोग दफनाए गए स्थल पर एकत्र होने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि किसी को कहीं भी नहीं दफना सकते है। शमसान घाट में ही दफनाना चाहिए। मृतक धर्मातंरित व्यक्ति होने के कारण गांव में इनका शमसान घाट नहीं होने के कारण दफनाने को लेकर विवाद होते आ रहा है। इस तरह का यह कोई पहला विवाद नहीं है, इसके पहले भी जामगांव में कई बार विवाद हो चुके है। ग्रामीणों का कहना है कि गलत ढंग से दफनाया गया है और शव को निकालकर शमसान घाट में दफनाएं। गाँव में कहीं भी दफनाने का प्रावधान नहीं है। गांव में ऐसा ऐलान होने के बाद भी धर्मांतरित परिवार ने मनमानी किया है, उसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ेगा।

### सर्कल स्तरीय...

रखने तथा आदिवासी समाज की एकजुटता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है। बैठक में जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, सर्व आदिवासी समाज के जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गौर, जनपद सदस्य प्रमिला उसेन्डी, साल्हे सरपंच संतोष पद्दा, ईरागांव सरपंच मनीता नेताम, नरेश कोमरा, जीवराखन सलाम, रामकुमार कोला, पुखराज आंचला, रतन मांडावी, विजय सोरी, हेमंत अमिला, कृष्णा कोसमा सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जमीन नाप-जोख...

बजे के आस-पास हाई स्कूल भिंगीडार जा कर देखे। हमारे गांव भिंगीडार का सरपंच केशव देहारी पिता शिवलाल देहारी, नारायण साना, रामसिंह सूर्यवंशी एवं पटवारी वहां पर मौजूद थे। तब मैं बोला मेरे पट्टा की जमीन को बिना जानकारी नोटिस दिए कैसे नाप-जोख कर रहे हो। ऐसा बोलने पर आरोपी केशव देहारी बोला मैं सरपंच हूं, कुछ भी कर सकता हूं। तु सरकारी जमीन को कब्जा कर के रखा है। यहां से भाग जा नही तो तुझे जान से मार दूंगा की धमकी देने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी केशव देहारी के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### दो वाहनों में...

छाती में गहरी चोट आई है और मेरे साथी के सिर और पैर में चोट आई है। आरोपी वाहन चालक की लापरवाही के कारण इतना बड़ा हादसा हो गया। तेज रफतार से चलाने वाले वाहनों पर कार्यवाही नहीं होने और पुलिस का किसी भी तरह से डर नहीं होने के कारण वाहन चालक लगातार मनमानी ढंग से वाहन को चला रहे है, जिसके कारण लगातार हादसे होते रहते है। थाना की टीम लगातार मानीटरिंग करे हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करना प्रारंभ करें, तो ऐसे हादसे रोके जा सकते है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 2151 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### छत्तीसगढ़ में बस्तर...

का विस्तार वर्णित है। बस्तर की धरती पर श्रीराम, लक्ष्मण और सीता ने कई ऋषियों के आश्रमों में निवास किया। भारत सरकार ने 1947 के बाद बंगाल से आए विस्थापितों के दंडकारण्य विकास प्राधिकरण पुनर्वास के लिए इसी क्षेत्र में दंडकारण्य नाम से आधिकारिक योजना बनाई, जो दर्शाता है कि यह नाम केवल धार्मिक नहीं, प्रशासनिक स्वीकृति भी प्राप्त था। नर्मदा कुंड निर्वाणी अखाड़ा रामजानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने कहा यह धर्म और नैतिक चेतना का पुनर्जागरण का काल है। दंडकारण्य केवल एक वन क्षेत्र नहीं है। यह धर्म और अधर्म के संघर्ष का मैदान था। यही वह भूमि है जहाँ भगवान राम ने राक्षसी प्रवृत्तियों के विरुद्ध शस्त्र उठाया और मर्यादा की स्थापना की। बस्तर नाम एक औपनिवेशिक प्रतीक है, जबकि दंडकारण्य सनातन संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के वनगमन की स्मृति को जीवंत करता है। दंड का अर्थ है अनुशासन और दंडकारण्य वह भूमि है जहाँ भगवान श्रीराम ने राक्षसी प्रवृत्तियों का अंत कर धर्म की पुनर्स्थापना की, यह नाम राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक सुधार का प्रतीक बनेगा।

**खबर संक्षेप**

### पानी में डूबने से महिला की मौत



**दरभा।** शनिवार रात 8 बजे 60 वर्षीय महिला की पानी मे डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान लेंड्रा निवासी सोनिया बघेल पत्नी बिलासी बघेल के रूप में हुई है। वह घर के पीछे डबरी मे शौच के लिए पानी लेने गई थी। पानी भरते समय उसका पैर फिसल गया और वह डबरी में गिर गई और उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिवार वाले मृतिका को खोजने लगे वहीं घर के पीछे डबरी में शव बरामद हुआ। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर दरभा थाना से उप निरीक्षक द्वारिका मिश्रा एवं कामानार पुलिस चौकी प्रभारी यसवंत नरेटी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है।

### मेथाडिस्ट चर्च को दी नई जिम्मेदारी



**जगदलपुर।** मेथाडिस्ट एमपीआरसी का 37 वां अधिवेशन जबलपुर मध्यप्रदेश में संपन्न हुआ। जिसमें महामहिम बिशप ए. शीमोन द्वारा शहर के चंदैया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च को भी नई जिम्मेदारी दिया गया। इसमें रेव्ह. रविंद्र नाथ को जिला अधीक्षक, मैनेजर मिशन स्कूल जगदलपुर बनाया गया। साथ ही रेव्ह. युसूफ सिंह को यूथ डायरेक्टर छत्तीसगढ़ बनाया गया। शैलेंद्र शाह को आरई मेंबर और श्रीमती बसंती नाथ को डिस्ट्रिक्ट इवेंजलिस्ट बनाया गया। निवेश मार्क्स नाथ को डीएस बस्तर द्वारा जिला ले-लीडर बनाया गया। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास ने दी।

# प्राथमिक शाला अन्नारम में बच्चों का आत्मीय स्वागत एवं वेलकम किट वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

**नवप्रारंभ की ओर एक प्रेरक कदम**



कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित वेंडे स्कूल दायकाल अभियान के तहत शिक्षा के उजाले को अंतिम छोर तक पहुँचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए एपीसी जाकिर खान के कुशल नेतृत्व में विकासखंड भोपालपटनम अंतर्गत संकुल केंद्र चन्दूर की पुनः संचालित प्राथमिक शाला अन्नारम में बच्चों को नियमित उपस्थिति हेतु उत्साह बढ़ाने प्रेरित किया गया।

शाला में दर्ज 15 बच्चों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें वेलकम किट के रूप में शैक्षणिक सामग्री, स्कूली बैग, पठन-पाठन सामग्री भेंट की गई। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के लिए एक नई शुरुआत का अवसर बना, बल्कि पूरे ग्राम अन्नारम के लिए गर्व और हर्ष का क्षण रहा।

इस विशेष अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. नागेन्द्र कुमार एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एटला की गरिमामयी उपस्थिति रही। खंड स्त्रोत समन्वयक यालम शंकर, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तारलागुड़ा चंद्रशेखर वासम, संकुल शैक्षिक समन्वयक श्री के. जी. यादगिरी एवं शिक्षा दूत एशम ललिता की विशेष भूमिका भी सराहनीय रही।

बच्चों के उत्साह को और ऊँचाइयाँ मिलीं जब ग्राम पंचायत कोत्तूर के सरपंच काका भास्कर ने स्वयं बच्चों को वेलकम किट अपने करकमलों से प्रदान किए। बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता देखते ही बनती थी। विद्यालय परिसर में एक उत्सव जैसा वातावरण था। बच्चों की मुस्कान ने दर्शाया कि शिक्षा के इस नव अभियान ने सही दिशा पकड़ ली है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, अभिभावक, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की।

यह पहल एक उदाहरण है कि जब शिक्षा विभाग, समुदाय और जनप्रतिनिधि एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो कोई भी गांव शिक्षा से वंचित नहीं रह सकता।

## सीआरपीएफ सेकेंड वाहिनी ने मनाया 87वां स्थापना दिवस

# जवानों को राष्ट्रसेवा एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए तत्पर रहने किया प्रेरित







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

विकासखंड कोंटा के वनांचल क्षेत्रों में सेवा रही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की सेकेंड वाहिनी ने अपना 87वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिला मुख्यालय सुकमा के सबरीनगर स्थित मुख्यालय तथा अन्य सभी समवाय कैंप रामाराम, चिंतागुफा, मिनपा, एफओबी मुर्कराजकोडा एवं दुलेर मे सीआरपीएफ का 87 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया।

जिसमें कमाण्डेंट कमलेश कुमार ने क्वाटर गार्ड पर सलामी ली तथा सैनिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बल के गौरवमयी इतिहास, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रकाश डाला। साथ ही जवानों को राष्ट्रसेवा एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए सतत तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया।

इसके उपरांत कमांडेंट कमलेश कुमार के नेतृत्व में बटालियन के अश्वनी कुमार मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. नितेश परचाके सीएमओ एवं अन्य अधिकारीगण व जवानों ने स्थानीय दिव्यांग विद्यालय का दौरा कर बच्चों के साथ यह महत्वपूर्ण दिन साझा किया। इस अवसर पर कमांडेंट कमलेश कुमार ने बच्चों से संवाद किया उन्हें प्रोत्साहित किया । और मिठाइयाँ वितरित की। बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने कार्यक्रम को अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायक बना दिया।

### मनोरंजन के साथ खेलकूद का हुआ आयोजन

इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय एवं सभी समवायों में जवानों के मनोरंजन के लिए रस्साकसी एवं वॉलीबाल जैसे खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के जवानों ने काफी उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया। इन खेलों के विजेता प्रतिभागियों को कमाण्डेंट महोदय द्वारा पुरूस्कृत किया गया। सायंकाल में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। बल के 87 वॉ स्थापना दिवस समारोह के अन्त में जवानों व अधिकारियों के लिए बड़े खाने का आयोजन किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बटालियन के अश्वनी कुमार मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. नितेश परचाके सीएमओ एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे ।

## सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हरेली त्योहार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में हरेली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। गौरतलब है कि श्रावण मास की अमावस्या को हरियाली त्योहार धूमधाम से पूरे भारत में मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहते हैं इसलिए छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह हरेली त्यौहार वर्ष का पहला त्यौहार होता है, इस दिन किसान अपने खेती किसानी से जुड़े हुए उपकरण व बैल, गाय, भैंस की पूजा करते हैं मीठा खिलाते है। विद्यालय में हरेली के उपलक्ष्य में भैया बहनों के बीच फुगड़ी, कबड्डी आदि का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त किए भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। गेडी में प्रथम स्थान हेमराज यादव व द्वितीय स्थान पर सौरभ बघेल रहे। हरेली तिहार पर भैया बहनों ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अभिभावक बंधु भी उपस्थित रहे जिन्होंने खेलों का आनंद लेते हुए करतल ध्वनि से बच्चो का स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय के भैया बहनो ने फलदार, छायादार फूलदार पौधों का रोपण भी किया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने कहा कि गांव नगर में हरियाली बनी रहे इसके लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए। सभी लोगों को अपने मां के नाम से, अपने जन्मदिन में, अपने माता-पिता की शादी की सालगिरह में पौधा रोपण करना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद व पीपल्स केयर समिति की ओर 2 अगस्त को वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया है।

■ **भैया बहनों के बीच गेड़ी, फुगड़ी, कबड्डी आदि का किया गया आयोजन**



## गंगा कौर अध्यक्ष एवं किरण शुक्ला को उपाध्यक्ष का दायित्व



**जगदलपुर।** मां डोकरी दाई विकास समिति डोकरीघाट पारा के नए कार्यकारणी का गठन कर नवनियुक्त पदाधिकारियो को दायित्व सौपा गया। जिसमे संरक्षक के रूप में कृष्ण कुमार पाण्डेय,कमला यादव,विन्दा यादव,चमेली यादव,सरस्वती यादव को सम्मलित किया गया है। जबकि अध्यक्ष का दायित्व गंगा कौर को सर्वसमति से दायित्व सौपा गया है। वही उपाध्यक्ष में किरण शुक्ला,धीरेन्द्र यादव,महेश यादव कुसुम पांडे,अर्चना ठाकुर,जबकि सचिव का दायित्व विनायक सिंह ठाकुर,हेमंत कुमार यादव और टीकेशवरी को दिया गया है। कोषाध्यक्ष में दिनेश यादव एवं पारो यादव को नियुक्त किया गया है। समिति संगठन सचिव शिवाली यादव,दुर्गा यादव, उषा यादव सुमन यादव को दायित्व दिया गया है। कार्यकारिणी सदस्यो में कल्पना ठाकुर,राजवती ठाकुर,कमला यादव,पुजा पात्र, सविता कुडियम,शांति यादव,आशा यादव,फुलमनी साहनी मनीषा कौर,लखन सिंह ठाकुर, प्रकाश नागे,हीरा लाल यादव, विनोद पांडेय,अजय यादव,अनु पानीग्राही हेमा यादव, बालमती यादव शामिल है।



# स्कूलों की अधोसंरचना, शौचालय की स्थिति व अन्य मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जनपद पंचायत गीदम के ग्राम पंचायत समलुर में शिक्षा समिति सभापति दिनेश कुमार कौशल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें अतिथि शिक्षकों की भर्ती, स्कूलों की अधोसंरचना, शौचालय की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति और शाला प्रबंधन समिति को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए योग्य अतिथि शिक्षकों की भर्ती पर जोर दिया गया। स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए चर्चा की गई। शौचालय की स्थिति के तहत स्कूलों में स्वच्छता और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। शाला प्रबंधन समिति की भूमिका और जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई और उन्हें और भी मजबूत करने के तरीकों पर विचार किया गया। बैठक का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करना था। सभी उपस्थित लोगों ने अपने सुझाव और विचार साझा किए और मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

इस बैठक में क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती रुचिता क्षत्रिय, ग्राम पंचायत सरपंच मोतीराम, उप सरपंच लोकेंद्र ठाकुर, सुनील कुमार ग्राम पंचायत समलुर, संकुल समन्वयक, प्राचार्य, प्रधान अध्यापक व अन्य ग्रामवासी मौजूद थे।

■ **ग्राम पंचायत समलुर में शिक्षा समिति की हुई बैठक**

## सेजेस में छात्रों की रचनात्मक और जागरूकता गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा में हाल ही में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जागरूकता की भावना विकसित करना था। कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा भारतीय सैनिकों के लिए एक विशेष राखी निर्माण गतिविधि आयोजित की गई। बच्चों ने रंगीन धागों, मोतियों और सजावटी सामग्री से सुंदर राखियाँ तैयार कीं। इन राखियों के साथ विद्यार्थियों ने सैनिकों के प्रति अपने सम्मान और प्यार को व्यक्त करने वाले संदेश भी लिखे। यह पहल देश के रक्षकों के प्रति आभार और भाईचारे की भावना का प्रतीक रही।

कक्षा 9 से 12 के छात्रों ने सड़क सुरक्षा विषय पर एक सशक्त वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वक्ताओं ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इसके पश्चात यूथ क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर एक लघु नाटक (स्किट) का मंचन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को नियमों का पालन करने और सतर्क रहने का प्रेरक संदेश दिया।

विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों की प्रतिभा और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जिम्मेदारी और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं।

### आप की संगठनात्मक बैठक बीजापुर में गांव-गांव तक पहुंचाने का लिया संकल्प

जगदलपुर। बीजापुर जिले में आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई,जिसमें पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्धेश्य बस्तर संभाग,विशेषकर बीजापुर जिले में संगठन को मजबूत करना और गांव-गांव तक आम आदमी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाना था।

पार्टी के वरिष्ठ नेता समीर खान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो आम लोगों के हक और अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली और पंजाब में जो क्रांति लाई गई है,वैसी ही क्रांति बस्तर में भी लाई जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी ब्लॉक,सेक्टर और मंडल स्तर पर सांगठनिक विस्तार करेगी,और हर गांव में जाकर नए लोगों को जोड़ेगी। बैठक में उपस्थित नेता बलू भवानी ने कहा, हम बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं।दलित,आदिवासी, पिछड़े और गरीब वर्ग के लोगों को शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे मूलभूत अधिकार दिलाना हमारा उद्धेश्य है।

**बिजनेस साइट**

## सुमीत बाजार में भारी छूट सिर्फ 31 जुलाई तक, अंतिम 4 दिन शेष



रायपुर। सुमीत बाजार में चल रही 50% डिस्काउंट की विशेष छूट अब अपने अंतिम चरण में पहुँच गई है। मेंस वियर एवं साड़ियों पर मिल रही यह विशेष छूट सिर्फ 31 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। ऐसे में खरीदारी के इच्छुक ग्राहकों के पास अब केवल 4 दिन का समय शेष है।

ग्राहकों द्वारा इस सेल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। खरीदारी का उत्साह सुमीत बाजार के सभी ब्रांचों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पारंपरिक से लेकर वेस्टर्न परिधानों तक, सभी वर्गों के लिए विशेष छूटों का लाभ उठाया जा रहा है।

सुमीत बाजार ने हमेशा की तरह इस बार भी कुछ नया पेश करने का प्रयास किया है, और उसे ग्राहकों से भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। चप्पे-चप्पे में फैली इसकी शाखाओं में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सुमीत बाजार प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, क्योंकि छूट की यह पेशकश सिर्फ 31 जुलाई तक ही मान्य है। सुमीत बाजार है छत्तीसगढ़िया मतलब सबले बढ़िया।

# सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस बारसूर में धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



देश की आंतरिक सुरक्षा में अहम भूमिका निभा रही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का 87वां स्थापना दिवस रविवार को 195वीं बटालियन, बारसूर में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कमांडेंट राजीव कुमार ने जवानों, अधिकारियों एवं उनके परिजनों को शुभकामनाएँ दीं और बल के गौरवशाली इतिहास को याद किया। स्थापना दिवस के अवसर पर बलिदान दिवस की तर्ज पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही, खेलकूद प्रतियोगिताएं, साइकिल रैली, मिष्ठान वितरण और ग्रामवासियों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कमांडेंट राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ₹सीआरपीएफ राष्ट्र की सेवा और सुरक्षा में समर्पित बल है, जिसने हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में देशवासियों का विश्वास जीता है। सीआरपीएफ की स्थापना 27 जुलाई 1939 को 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' के रूप में हुई थी। भारत की स्वतंत्रता के बाद 28 दिसंबर 1949 को इसका नाम बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल किया गया। तब से यह बल आतंकवाद, नक्सलवाद, उग्रवाद एवं अन्य आंतरिक चुनौतियों से लड़ते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी विक्रांत वर्मा, असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार एवं संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी एवं जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# निखिल कश्यप को विधायक लखेश्वर ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोहंगा

मंत्री केदार कश्यप के भतीजे एवं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप के सुपुत्र निखिल कश्यप के दुःखद निधन पर आयोजित दुःख कार्यक्रम में विधायक लखेश्वर बघेल ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि निखिल कश्यप का असमय निधन परिवार ही नहीं बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी भी शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व केन्दीय मंत्री अरविंद नेताम, बालेश दुबे, गणेश बघेल, मानसिंह कवासी, बैद्यनाथ मौर्य, हेमराज बघेल, रियाज खान, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंकसूची गुमा

मैं सिमरन रामानी पिता राकेश रामानी उम्र 21 वर्ष निवासी भानपुप्रतापपुर बाजारपारा वार्ड क्र. 02 थाना व तहसील भानुप्रतापपुर जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.) कि निवासी हूँ। जो कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2021 उत्तीर्ण कि हूँ। उत्तीर्ण पश्चात केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से अंकसूची प्रदाय किया गया था। जो कि दिनांक 18.06.2025 को भानुप्रतापपुर में कही गुम हो गया है। मैं अपने स्तर से पुरा खोज-बीन किया लेकिन अंक सूची प्राप्त नही हुआ।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि अंक सूची गुम हो जाने की सूचना दर्ज करने की महान कृपा करेगें ।

दिनांक :- 07.07.2025

**प्रार्थी**
**सिमरन रामानी**
**निवासी भानुप्रतापपुर वार्ड क्र. 02**
**थाना व तहसील भानुप्रतापपुर**
**जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**
**मो.नं. 8349075855**

## खबर संक्षेप

### माओवादियों ने शहीद स्मृति सप्ताह के बैनर लगाए



**पखांजुर।** कापसी के पीव्ही 56 क्षेत्र में नक्सलियों ने 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीद स्मृति सप्ताह मनाए जाने का आव्हान करते हुए बैनर और पोस्टर लगाए हैं। इन पोस्टरों में लोगों से क्रांतिकारी उत्साह के साथ इस सप्ताह में शामिल होने की अव्हान किया गया है। पखांजुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केंवट ने बताया कि पुलिस को जैसे ही इन बैनरों और पोस्टरों की जानकारी मिली उन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया। पुलिस प्रशासन ने इस पर कड़ी नजर बनाए हुए है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क है।

### पिछड़ा वर्ग बस्तर संभाग स्तरीय सम्मेलन 29 को

**चारामा।** छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग समाज की गरिमा, अधिकारों और भागीदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए 29 जुलाई को बस्तर संभाग स्तरीय पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन कांकेर में किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक सम्मेलन हमारे समाज की एकता, जागरूकता और राजनैतिक-सामाजिक सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## निधन

### सेउकराम कुंजाम

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम बनसागर निवासी 90 वर्षीय सेउकराम कुंजाम का आकस्मिक निधन हो गया। वें कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बनसागर में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामवासी व रिश्तेदार शामिल हुए।



---

भारत की प्रगति, समाज में सकारात्मक बदलाव और महिलाओं की भागीदारी की सराहना की

# प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात वार्ता में छत्तीसगढ़ की महिलाओं की तारीफ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर मंडल के विभिन्न मतदान केंद्रों में मन की बात कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सहित ग्रामीणों ने भी सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 124वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए भारत की प्रगति, समाज में सकारात्मक बदलाव और महिलाओं की भागीदारी की सराहना की। इस बार का कार्यक्रम खासतौर पर विज्ञान, खेल, स्वच्छता और सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्रों में हो रही देश की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर केंद्रित रहा।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और युवा वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा को भारत के आत्मविश्वास और वैज्ञानिक प्रगति का प्रतीक बताया। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को जनसामान्य से जोड़ते हुए घोषणा की कि अब हर वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय गणित और रसायन विज्ञान ओलंपियाड में भारत के छात्रों द्वारा जीते गए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों की प्रशंसा करते हुए उन्हें देश का उज्ज्वल भविष्य बताया। खेल के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया नीति 2025 की घोषणा करते हुए बताया कि इस बार गांवों, गरीब तबकों और बेटियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने खेल को सिर्फ शौक नहीं, बल्कि स्वावलंबन और नेतृत्व का माध्यम बताया। मन की बात कार्यक्रम में संबलपुर मतदान केंद्र में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, संतोष बाजपेयी, बिकेन साहू, कुंदन यादव, मंजू यदु, अंजलि साहू, घनश्याम विश्वकर्मा, धर्मान्शु साहु एवं मतदान केंद्र नयापारा में भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजा पांडे, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, अरविंद जैन, जीवराखन सलाम, जितेंद्र पांडे, भागबली जैन, ढालन सिंह राणा एवं ज्वाला जैन, कांति हिड़को एवं कार्यकर्ताओं व ग्रामीण ने मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।



शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा आत्मविश्वास और वैज्ञानिक प्रगति का प्रतीक

### भिलाई की महिलाओं का वेस्ट मैनेजमेंट में राष्ट्रीय उदाहरण

कार्यक्रम का सबसे उल्लेखनीय पहलू छत्तीसगढ़ को लेकर प्रधानमंत्री की विशेष टिप्पणी रही। उन्होंने बिल्हा नगर की महिलाओं द्वारा स्वच्छता अभियान में निभाई जा रही भूमिका की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि बिल्हा की महिलाएं केवल सफाई नहीं कर रहीं, वे शहर की तस्वीर बदल रही हैं और साथ ही उन्होंने भिलाई में महिलाओं द्वारा किए जा रहे वेस्ट मैनेजमेंट कार्यों को राष्ट्रीय उदाहरण बताते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर हो रहे ये प्रयास ही वास्तव में स्वच्छ भारत की नींव हैं। प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल को आत्मनिर्भर भारत का आधार बताते हुए झारखंड के ओम प्रकाश साहू का उदाहरण दिया, जिन्होंने नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर मत्स्य पालन को अपनाया और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़े। साथ ही गोवा के पणजी नगर में 16 श्रेणियों में कचरे के वर्गीकरण और महिलाओं के नेतृत्व वाली स्वच्छता व्यवस्था की भी प्रशंसा की गई। सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में उन्होंने ज्ञान भारतम मिशन का उल्लेख किया, जिसके तहत देश की प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। इससे शोधार्थियों और युवाओं को भारत की परंपराओं और ज्ञान से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का समापन प्रधानमंत्री की इस प्रेरणादायक बात से हुआ कि छोटे शहरों और गांवों से निकल रही ये कहानियाँ भारत के बड़े बदलाव की नींव रख रही हैं। जब हर नागरिक सक्रिय भूमिका निभाता है, तभी भारत दुनिया में नया इतिहास रचता है।

---

# झमाझम बारिश से कृषि और बियासी कार्यों में जुटे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

पूरे देश में दक्षिण पश्चिम मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। पिछले 4 दिनों से रूक रूककर हो रही बारिश से अंचल में खेती किसानी में तेजी आ है और किसानों में खुशी देखी जा रही है। लोग अपने काम में लग गए हैं, रोपाई एवं बियासी कार्य कर हैं। किसानों ने बताया कि वर्तमान का मौसम अनुकूल है जिससे रोपाई एवं बियासी का कार्य हो चुका है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज क्षेत्र में 59.0 एमएम बारिश रिकॉर्ड दर्ज की गई है। वहीं अब तक 1 जून 2025 से आज तक 780.7 एमएम रिकॉर्ड दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश एवं क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। कई स्थानों में गरज चमक, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की सी मध्यम वर्षा हो सकती है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के दमकसा, हानपतरी, आमागढ़, सोनादई, लोहत्तर, आमागुहान, सिवनी, छिंदगाव व अन्य ग्रामों सहित दुर्गूकोंदल क्षेत्र में तीन चार दिनों से लगातार बारिश से किसानों को राहत मिल रही है किसान अपने खेतों में कृषि कार्य तेजी से बियासी रोपाई का काम कर रहे है जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ रही है, झमाझम बारिश से धान की रोपाई करने वाले किसानों के चेहरे खिल गए हैं। धान की रोपाई करने वाले किसान कई दिनों से बारिश आने की राह देख रहे थे। तीन-चार दिन से हो ही बारिश को देख किसानों ने की धान की पौधे रोपाई की बियासी तेज हो गई है।दो तीन दिनों से पूरे दिन रुक-रुक कर हुई बारिश ने मौसम को सुहाना तो कर ही दिया है। इसके अलावा धान की पौध रोपाई की तैयारी में जुटे किसानों के चेहरे पर खुशी आ गई है। दो तीन दिनों से काफी किसानों धान रोपाई के लिए अपने खेतों में तैयारी करते हुए नजर आए। वही बियासी के लिए भी उपयुक्त है।

---

# नया बस स्टैंड बाजार में दुकान लगाने वालों को नपा अध्यक्ष एवं पुलिस ने दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नए बस स्टैंड के डोम में रविवार को लगने वाली सप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने पर दो पक्षों में विवाद हो गया था। उसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं एएसपी डोम पहुँचे और सभी व्यापारियों को व्यवस्थित ढंग से दुकान लगाने की समझाईश दिया गया। विवाद करने वालों को ब्लैक लिस्टिड करने की भी बात कही। ब्लैक लिस्टेड होने पर डोम में व्यापारी दुकान नहीं लगा सकेगा। नगर पालिका के अध्यक्ष अरूण कौशिक, एएसपी दिनेश सिन्हा एवं थाना प्रभारी मनीष नागर रविवार 28 जुलाई को बाजार स्थल पहुँचे और नए बस स्टैंड बाजार स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों को व्यवस्थित रूप से बाजार लगाने समझाईश दिया, ताकि बाजार में किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति खड़ी न हो। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि पिछले रविवार को पसरा स्थल को लेकर हुए विवाद को देखते हुए हमने पुलिस प्रशासन को साथ लेकर बाजार का निरीक्षण किया। आने वाले दिनों में बाजार को व्यवस्थित करने और बाजार वाले दिन ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने बाजार स्थल में नगर पालिका के कर्मचारियों व पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी। पसरा स्थल विवाद जैसी स्थिति से निपटने के लिए डोम में मार्किंग कर व्यापारियों को जगह आवंटित किया जाएगी। नए बस स्टैंड के पानी टंकी के बाजू में खाली जगह पर बाजार लगाने के लिए साफ सफाई करवा कर वहां व्यापारियो को जगह आवंटित किया जाएगा। आने वाले समय में किसी भी व्यापारी को बाजार लगाने के लिए जगह की समस्या नही होगी। नए बस स्टैंड स्थित बाजार स्थल में पर्याप्त जगह है, परंतु व्यवस्थित नहीं होने के कारण जगह कम दिखता है। इस समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि शहर को व्यवस्थित रखना प्रशासन सहित आम लोगो की भी जिम्मेदारी है। बाजार वाले दिन सभी व्यापारियों को व्यापार करने में सुगमता हो, इसका प्रबंध नगर पालिका, पुलिस प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है और साथ ही बस स्टैंड में यातायात व्यवस्था को ठीक रखने के लिए नगर पालिका के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा।



---

# कोंडे से हुलघाट तक सड़क बनी, नदी पर पुल नहीं, समस्या बरकरार, सिर्फ वादे झूठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- नदी में पुल नहीं होने से शिक्षा और जीवन संकट में, नेताओं के वादे है बस दिखावे

विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत आने वाला ग्राम हुलघाट, जहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम कोंडे से हुलघाट तक सड़क तो बना दी गई, लेकिन रास्ते में बहने वाली नदी पर आज तक पुल नहीं बनाया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। पीएम सड़क की इस अधूरी योजना का खामियाजा हर मौसम, खासकर बरसात के समय ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। इसी सड़क से होते हुए ग्राम हुलघाट से करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी पर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडे में प्रतिदिन 25 से 30 बच्चे पैदल नदी पार करके पढ़ने जाते हैं। बरसात के मौसम में नदी उफान पर आ जाती है और बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। कई बार बच्चे जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पूर्व छात्र सुनील आंचला, मेहतर मंडावी, देवसिंह आचला सहित ग्रामीण मानसू आंचला, दलसू आंचला, श्यामसाय आंचला और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि 5-6 साल बीत चुके हैं, लेकिन पुल निर्माण की ओर प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। बरसात के दिनों में जब नदी में बाढ़ आ जाती है, तो हुलघाट गांव से कोंडे या दुर्गूकोंदल जैसे कस्बों तक कपड़ा, राशन या इलाज के लिए जाना असंभव हो जाता है। यहां तक कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल नहीं ले जा पाते, जिससे मरीजों की मौत जैसी घटनाएं तक सामने आई हैं।



### नेताओं के चुनावी वादों से ग्रामीण निराश

*ग्रामीणों ने बताया कि भाजपा और कांग्रेस के नेता केवल चुनावी मौसम में वोट मांगने आते हैं, बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद पाँच साल तक झाँकने भी नहीं आते। जनता की तकलीफ, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सब कुछ सिर्फ वादों तक सिमट कर रह गया है। जल्द से जल्द नदी पर पुल का निर्माण कराया जाए ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। यह केवल एक सड़क या पुल का सवाल नहीं है, यह जीवन और शिक्षा से जुड़ा मुद्दा है। गांवों में असली विकास तब माना जाएगा जब योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित न रह जाएं, बल्कि जमीन पर उनका समुचित और संपूर्ण क्रियान्वयन हो।*

---

## साधुमिचगांव में पीपल पौधे के रोपण के साथ संरक्षण का लिया संकल्प



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के अटल चौक पर स्थानीय समुदाय और पर्यावरण प्रेमियों ने एकत्रित होकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस अवसर पर सामुदायिक पहल के तहत पीपल के वृक्षों का रोपण किया गया और इनके रक्षण का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय प्रशासन और सामाजिक संगठनों के सहयोग से किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला पंचायत कांकेर की पूर्व अध्यक्ष सिरों कोमरे ने पीपल वृक्ष का महत्व को बताते हुए कहा कि हिंदू धर्म में पीपल के वृक्ष को पवित्र माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पीपल के वृक्ष में भगवान विष्णु, ब्रह्मा और शिव का वास होता है। इसके अलावा, यह वृक्ष पर्यावरण के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। पूर्व सरपंच कलिता आंचला ने कहा कि हम सभी रोपित पौधों की देखभाल करेंगे और उन्हें पशुओं से बचाने के लिए बांस और तारों से घेरा बनाएंगे। इसके साथ ही, प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग को कम करने का भी प्रण लिया गया। इस अवसर पर कमला मसीह, फगो यादव, चंपा नेताम, ममता नरेटी, कविता कोर्राम, मनारों नरेटी, शिवलाल कोमरे, साजू मसीह,कन्हैया लाल यादव, बाल सिंह रावटे, राजकुमार चंद्राकर, सोमसिंह नरेटी, रोशन जैन, निरेंद्र भवसार, राजेंद्र बंजारे, राजकुमारी भुआर्य उपस्थित रहें।

---

# राजस्थान स्कूल हादसे में दिवंगत बच्चों को आदिवासी छात्र युवा संगठन ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

सुरक्षित शिक्षा की उठाई मांग राजस्थान के झालावाड़ ज़िले के राजवाड़ा क्षेत्र में एक दर्दनाक स्कूल हादसे में स्कूल भवन की छत गिरने से सात मासूम बच्चों की दुखद मृत्यु हो गई, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हृदयविदारक घटना से मर्माहत होकर छत्तीसगढ़ के परलकोट-पखांजूर क्षेत्र में सक्रिय आदिवासी छात्र युवा संगठन ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया। मौन और मोमबत्तियां जलाकर, संगठन के सदस्यों और बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने दुखद हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा हम इस दुःख की घड़ी में राजस्थान के पीड़ित परिवारों के साथ है। यह केवल एक राज्य की नहीं, पूरे देश की पीड़ा है एवं बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। श्रद्धांजलि सभा के दौरान संगठन ने राज्य और केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील भी की। संगठन ने मांग की कि सभी स्कूल भवनों की सुरक्षा की व्यापक जांच की जाए, निर्माण की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी रखी जाए, और आपदा-नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। सभा का समापन हम भूलेंगे नहीं और शिक्षा हो सुरक्षित के नारों के साथ प्रार्थना और दो मिनट के मौन से हुआ। संगठन की यह पहल केवल संवेदना व्यक्त करने तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह बच्चों की सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता का एक महत्वपूर्ण प्रतीक भी बन गई है। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि भविष्य की पीढ़ियों की शिक्षा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान राजेश नुरूटी, सोमा नुरूटी, विनोद कुमेटी, नीलेश कोरचा, नवीन उइके, विशाल नुरूटी, चंदन निशांत, मानु पददा, संतोष मण्डावी, विजय सलाम, अमर मटामी, विशा कोरचा, घनश्याम उसेण्डी, राजेश कुमेटी और आकाश जुर्री सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।



---

# नाबालिग छात्रा मामले के दोषियों को बचाने का विधायक ने लगाया आरोप

**दुर्गूकोंदल।** छात्रावास में रह रहें कक्षा 12 वीं की नाबालिग आदिवासी छात्रा के गर्भवती होने के सनसनीखेज मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। शनिवार को भानुप्रतापपुर क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी के नेतृत्व में गठित कांग्रेस की नौ सदस्यीय जांच समिति ने छात्रावास का दौरा कर छात्राओं, अधीक्षक, शिक्षक, डॉक्टर एवं प्राचार्य से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी लिया। विधायक सावित्री मंडावी का बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि नाबालिग छात्रा के दोषियों पर पर्दा डालने की कोशिश किया जा रहा है। जांच उपरांत बीजापुर जिला मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विधायक ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में भारी लापरवाही बरती गई है। छात्रा की गर्भावस्था को छुपाया गया, परिजनों को डराया-धमकाया गया और छात्रा को जबरन घर भेजने का दबाव बनाया गया। दोषियों को बचाने और मामले को दबाने की सुनियोजित कोशिश की जा रही है।भाजपा की डबल इंजन सरकार में महिलाएं, आदिवासी, किसान, व्यापारी और युवा वर्ग सभी असुरक्षित हैं। बीजापुर जैसे आदिवासी बहुल जिले में जहां माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रशासन के भरोसे भेजते हैं, वहां ऐसी घटनाएं अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय हैं। कांग्रेस की जांच समिति को जानबूझकर पीड़ित परिवार से मिलने नहीं दिया गया। सरकार से मांग किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने भी प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अब तक इस मामले में प्रशासन ने क्या कार्रवाई किया, यह स्पष्ट किया जाए। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी। प्रेस वार्ता में बीजापुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, दंतेवाड़ा की जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा सहित जांच समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



---

# मितानिन संघ उग्र आंदोलन करेगा, बैठक में लिया फैसला

**अंतागढ़।** चुनाव से पहले भाजपा सरकार के द्वारा मोदी की गारंटी नाम से एक घोषणा पत्र जारी किया गया था, जिसके बाद भाजपा की जीत हुई और पूर्ण बहुमत से शासन भी बना लिया गया। परंतु अब तक कर्मचारियों के लिए किए गए घोषणा पत्र पर सरकार अमल नहीं कर पाई है, जिसे लेकर मितानिन संघ आमाबेड़ा, ताड़ोकी, अंतागढ़ के करीबन 50 से 60 मितानिन बाजार चौक में बैठक रख, मोदी कि गारंटी को पूरा कराने उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। मितानिनों ने बताया की मोदी के गारंटी के तहत प्रोत्साहन राशि में 50 प्रतिशत वृद्धि और संविलियन करने का वादा भाजपा के द्वारा घोषणा पत्र में किया गया था, जिसे सरकार बनने के बाद भाजपा भूल गई है। हम अंतागढ़, आमाबेड़ा, ताड़ोकी से आए सब मितानियो कि बैठक हुई। कुछ दिनों में जिला स्तरीय बैठक किया जाएगा और मितानिन संघ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अपने अपने जिला मुख्यालय में करेंगे। अगर सरकार हमारी मांगे नहीं मानी तो सरकार को याद दिलाने प्रदेश भर के मितानिन संघ उग्र आंदोलन करने राजधानी रायपुर में एकत्र हो कर हल्ला बोलेंगे।



---

## डेढ़कोहका में वन विभाग के किया पौधारोपण



**चारामा।** चारामा के ग्राम डेढ़कोहका में वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं सभापति अमिता बंजारे, सरपंच शोहद्रा ठाकुर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत ढेडकोहका में वन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया गया तथा एक पेड़ मां के नाम स्कूल प्रांगण पंचायत भवन एवं सार्वजनिक जगहों पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर सत्येन्द्र कश्यप और तरुण मंडावी वन रक्षक के द्वारा वन विभाग की सभी योजनाओं और पर्यावरण वृक्षारोपण की जानकारी दिया गया। इस दौरान ग्राम पटेल प्रकाश चंद जैन, रासुक लाल ध्रुव, सुखीराम सिन्हा, नीलकंठ सिन्हा, नंद कुमार गावडे, देवबती विश्वकर्मा, मानो बंजारे, खेमन कोडोपी, जागेश्वर गावडे, भुवनेश्वर विश्वकर्मा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411